# कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी,बस्ती।

पत्रांक:-तम्बा०नि०का० / काउन्सलिंग / 2021-22 / 3991-95 दिनांक:-15.06.2021

1. प्रमुख अधीक्षक जिला चिकित्सालय, बस्ती।
2. मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका, जिला महिला चिकित्सालय बस्ती।
3. समस्त अधीक्षक सा०प्रा०स्वा०केन्द्र बस्ती।
4. समस्त प्रभारी चिकित्सा अधिकारी प्रा०स्वा० केन्द्र बस्ती।
5. समस्त प्रभारी चिकित्सा अधिकारी,अर्बन प्रा०स्वा० केन्द्र बस्ती।

विषय:-एन०सी०डी० कार्यक्रमो के साथ संचालित अन्य कार्यक्रमो के अन्तर्गत कार्यरत काउन्सलर द्वारा रुटीन परामर्श के साथ तम्बाकू नियंत्रण हेतु काउन्सलिंग कराये जाने के सम्बन्ध में।

उपरोक्त विषयक महानिदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य सेवायें,उ०प्र०,लखनऊ के पत्र संख्या-राज्य तम्बाकू नियन्त्रण प्रकोष्ठ:-2020-21/8921 लखनऊ दिनांक-10.06.2021 के क्रम में जैसा कि आप अवगत है कि भारत में प्रत्येक वर्ष लगभग 13 लाख लोगो की मृत्यु तम्बाकू उत्पादो के उपयोग से होती है। प्रदेश 35.5 प्रतिशत लोग किसी न किसी रुप में तम्बाकू का सेवन करते है, जिसमे युवा वर्ग सबसे ज्यादा है। तम्बाकू सेवन से टी०बी० व अन्य कई प्रकार के गैर संचारी रोगो के होने की सम्भावना अधिक हो जाती है। उक्त के दृष्टिगत भारत सरकार द्वारा प्रदेश में सी०ओ०टी०पी०ए०-2003 का प्रभावी क्रियान्वयन हेतु राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत तम्बाकू से होने वाली हानियों के प्रति लोगो को जागरुक किये जाने हेतु अन्य विभागो से समन्वय स्थापित करते हुये जनजागरुकता आदि कार्यक्रम चलाये जा रहे है। विगत 31 मई 2021 को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस को "Commit to Quit" कैम्पेन के रुप में मनाया जा रहा है, जिसमे जनमानस को तम्बाकू छोड़ने एवं तम्बाकू छोड़ने हेतु शपथ दिलाये जाने के साथ ही प्रदेश में फैली कोरोना महामारी के दृष्टिगत सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान एवं थूकने हेतु प्रदेश सरकार द्वारा लगायी गये प्रतिबन्ध के सम्बन्ध में जागरुक किया जा रहा है।

उक्त के क्रम में आपसे अपेक्षा की जाती कि आप अपने अधीनस्थ चिकित्सालयो में स्थापित कोविड हेल्प डेस्क, तम्बाकू उन्मूलन केन्द्र, एन०सी०डी० क्लीनिक, मनकक्ष, टी०बी० क्लीनिक, एच०आई०वी० एड्स व अन्य कार्यक्रमों के अन्तर्गत कार्यरत काउन्सलर से रुटीन परामर्श के साथ तम्बाकू नियंत्रण हेतु काउन्सलिंग करवाते हुये सूचना जिला तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ के ईमेल आई०डी- npcdcsbasti@gmail.com पर उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी
बस्ती।

पत्रांक:-तम्बा०नि०का०/काउन्सलिंग/2021-22/ तद्दिनांक

प्रतिलिपि- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. महानिदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य सेवायें,उ०प्र०,लखनऊ।
2. जिलाधिकारी/अध्यक्ष एन्टी टोबैको सेल बस्ती।
4. अधिशासी निदेशक,उ०प्र० वालण्टरी हेल्थ एसोसिएशन लखनऊ।
5. जिला क्षय रोग अधिकारी बस्ती।
6. अध्यक्ष आई०एम०ए० बस्ती को इस आशय से प्रेषित कि जनपद में संचालित समस्त प्राइवेट चिकित्सा संस्थानो पर कार्यरत काउन्सलर द्वारा रुटीन परामर्श के साथ तम्बाकू नियंत्रण हेतु काउन्सलिंग करवाने हेतु एवं सूचना जिला तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ में उपलब्ध कराने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें।
7. जिला कार्यक्रम प्रबन्धक,डी०पी०एम०यू० बस्ती।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी
बस्ती।

# कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी,बस्ती।

पत्रांक –तम्बा०नि०का० / काउन्सलिंग / 2021–22 / दिनांकः–15.06.2021

1. प्रमुख अधीक्षक जिला चिकित्सालय, बस्ती ।
2. मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका, जिला महिला चिकित्सालय बस्ती।
3. समस्त अधीक्षक सामु०स्वा०केन्द्र बस्ती।
4. समस्त प्रभारी चिकित्सा अधिकारी प्रा०स्वा० केन्द्र बस्ती।
5. समस्त प्रभारी चिकित्सा अधिकारी,अर्बन प्रा०स्वा० केन्द्र बस्ती।

**विषयः-एन०सी०डी० कार्यक्रमो के साथ संचालित अन्य कार्यक्रमो के अन्तर्गत कार्यरत काउन्सलर द्वारा रुटीन परामर्श के साथ तम्बाकू नियंत्रण हेतु काउन्सलिंग कराये जाने के सम्बन्ध में।**

उपरोक्त विषयक महानिदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य सेवायें,उ०प्र०,लखनऊ के पत्र संख्या-राज्य तम्बाकू नियन्त्रण प्रकोष्ठः–2020 21 / 8921 लखनऊ दिनांक–10.06.2021 के क्रम में जैसा कि आप अवगत है कि भारत में प्रत्येक वर्ष लगभग 13 लाख लोगो की मृत्यु तम्बाकू उत्पादो के उपयोग से होती है। प्रदेश 35.5 प्रतिशत लोग किसी न किसी रूप में तम्बाकू का सेवन करते है, जिसमे युवा वर्ग सबसे ज्यादा है। तम्बाकू सेवन से टी0बी0, व अन्य कई प्रकार के गैर संचारी रोगो के होने की सम्भावना अधिक हो जाती है। उक्त के दृष्टिगत भारत सरकार द्वारा प्रदेश में सी०ओ०टी०पी०ए०–2003 का प्रभावी क्रियान्वयन हेतु राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत तम्बाकू से होने वाली हानियों के प्रति लोगो को जागरुक किये जाने हेतु अन्य विभागो से समन्वय स्थापित करते हुये जनजागरुकता आदि कार्यक्रम चलाये जा रहे है। विगत 31 मई 2021 को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस को "Commit to Quit" कैम्पेन के रुप में मनाया जा रहा है, जिसमे जनमानस को तम्बाकू छोड़ने एवं तम्बाकू छोड़ने हेतु शपथ दिलाये जाने के साथ ही प्रदेश में फैली कोरोना महामारी के दृष्टिगत सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान एवं थूकने हेतु प्रदेश सरकार द्वारा लगायी गये प्रतिबन्ध के सम्बन्ध में जागरुक किया जा रहा है ।

उक्त के क्रम में आपसे अपेक्षा की जाती कि आप अपने अधीनस्थ चिकित्सालयो में स्थापित कोविड हेल्प डेस्क, तम्बाकू उन्मूलन केन्द्र, एन०सी०डी० क्लीनिक, मनकक्ष, टी०बी० क्लीनिक, एच०आई०वी० एड्स व अन्य कार्यक्रमो के अन्तर्गत कार्यरत काउन्सलर से रुटीन परामर्श के साथ तम्बाकू नियंत्रण हेतु काउन्सलिंग करवाते हुये सूचना जिला तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ के इमेल आई०डी– npcdcsbasti@gmail.com पर उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी
बस्ती।

पत्रांकः तम्बा०नि०का० / काउन्सलिंग / 2021–22 / 3996–4,001 तद्दिनांक

प्रतिलिपिः- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. महानिदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य सेवायें,उ०प्र०,लखनऊ।
2. जिलाधिकारी/अध्यक्ष एन्टी टोबैको सेल बस्ती ।
4. अधिशासी निदेशक,उ०प्र० वालण्टरी हेल्थ एसोशिएशन लखनऊ।
5. जिला क्षय रोग अधिकारी बस्ती।
6. अध्यक्ष आई०एम०ए० बस्ती को इस आशय से प्रेषित कि जनपद में संचालित समस्त प्राइवेट चिकित्सा संस्थानो पर कार्यरत काउन्सलर द्वारा रुटीन परामर्श के साथ तम्बाकू नियंत्रण हेतु काउन्सलिंग करवाने हेतु एवं सूचना जिला तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ में उपलब्ध कराने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें।
7. जिला कार्यक्रम प्रबन्धन,इकाई,एन०एच०एम० बस्ती।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी
बस्ती।